दैनिक
# नवश्रेय टाइम्स
PRGI No._RJHIN/25/A0587

सम्पर्क सूत्र
दैनिक नवश्रेय टाइम्स में समाचार, विज्ञापन और सूचनाएं प्रकाशित करवाने के लिए सम्पर्क करें:-
मो. 9602240956
Email-
navshreyatimes@gmail.com

वर्ष : 02 | अंक : 18 | जयपुर, मगंलवार, 25 अगस्त 2026 | प्रभात संस्करण | मूल्य: 2 रु. | कुल पृष्ठ : 4

## राजस्व रिकॉर्ड में बदलाव से संपत्ति का मालिकाना हक नहीं बदलता



### सुप्रीम कोर्ट का फैसला

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में स्पष्ट किया है कि राजस्व रिकॉर्ड में किसी संपत्ति के म्यूटेशन यानी दाखिल-खारिज या नामांतरण से मालिकाना हक न तो बनता है और न ही खत्म होता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि किसी संपत्ति के टाइटल का फैसला केवल राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर नहीं किया जा सकता, बल्कि इसे अन्य सबूतों के साथ परखा जाना चाहिए। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद कर दिया, जिसमें केवल राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर संपत्ति विवाद का फैसला सुनाया गया था। पीठ ने कहा कि किसी अन्य व्यक्ति के पक्ष में राजस्व एंट्री होने मात्र से यह नहीं माना जा सकता कि अचल संपत्ति में अधिकार स्वेच्छा से छोड़ दिया गया है। जिस पक्ष को इसका लाभ लेना है, उसे स्वतंत्र सबूतों के जरिए इसे साबित करना होगा। पीठ ने कानूनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि यह एक स्थापित कानून है।

## प्रदेश में बारिश और गर्मी का मिला-जुला असर

# जयपुर-अलवर समेत आठ जिलों में बरसे बदरा, कई जगह जलभराव

### हिंडौन बाजार में दुकानें बंद, खैरथल अंडरपास में सात फीट पानी; कुछ जिलों में पारा 39 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

राजस्थान के जयपुर, अलवर, धौलपुर, करौली, भरतपुर, सवाई माधोपुर, दौसा और खैरथल-तिजारा में सोमवार को बारिश हुई। कई इलाकों में सड़कों और निचले क्षेत्रों में पानी भर गया। अलवर में बच्चों को पानी के बीच से होकर स्कूल जाना पड़ा, जबकि करौली के हिंडौनसिटी बाजार में जलभराव के कारण व्यापारियों ने दुकानें बंद कर दीं।

**धौलपुर में 98 मिलीमीटर तक बारिश**-धौलपुर के उर्मिला सागर बांध क्षेत्र में सोमवार सुबह आठ बजे तक पिछले 12 घंटों में 98 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई। बाड़ी में 44, बसेड़ी में 55, सैंपऊ में 51 और तालाबशाही बांध क्षेत्र में 30 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड हुई। अलवर के कठूमर में 57, रैणी में 45 और राजगढ़ में 39 मिलीमीटर बारिश हुई। भरतपुर के बरैठा में 46, नदबई में 33 और रूपवास में 25 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। भरतपुर के नदबई में मीरा कॉलोनी स्थित गंगाराम कोली के मकान की दीवार भी गिर गई।



### 25 से 27 अगस्त तक बारिश के आसार

**पूर्वी** राजस्थान के उदयपुर, जयपुर और अजमेर संभाग में भी अगले एक सप्ताह कमजोर मानसूनी परिस्थितियां रहने की संभावना है। हालांकि कोटा, भरतपुर और जयपुर संभाग के कुछ जिलों में 25 से 27 अगस्त के बीच हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

### खैरथल अंडरपास में सात फीट पानी

खैरथल-तिजारा में सुबह छह से दस बजे तक करीब चार घंटे बारिश हुई। खैरथल अंडरपास में सात फीट पानी भरने से रास्ते पर यातायात बंद करना पड़ा। तिजारा में 44, कोटकासिम में 36, खैरथल में 32, हरसौली में 20, मुंडावर में 10 और टपूकड़ा में डेढ़ मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई। किशनगढ़बास के बाजारों, सड़कों, कॉलोनियों और निचले इलाकों में भी पानी भर गया।

### पूर्वी राजस्थान में गर्मी का असर

पश्चिमी राजस्थान में बारिश नहीं होने के बावजूद दक्षिण-पश्चिमी हवाओं के कारण तापमान में स्थिरता बनी हुई है। जैसलमेर, बाड़मेर और जोधपुर में तापमान 35 डिग्री से नीचे रहा, जबकि जयपुर, पिलानी, सीकर, टोंक, झुंझुनूं और फतेहपुर में तापमान 35 डिग्री या उससे अधिक दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर और बीकानेर संभाग में अगले एक सप्ताह मौसम मुख्यत: शुष्क रहने की संभावना है।

## बारिश से बिगड़े हालात

### दिल्ली-एनसीआर में मूसलाधार बारिश, 15 उड़ानें बदलीं

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में सोमवार सुबह से तेज बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ। खराब मौसम के चलते दिल्ली हवाई अड्डे से 15 उड़ानों का मार्ग बदला गया। 26 उड़ानें रद्द होने और करीब 250 उड़ानों के देरी से चलने की भी जानकारी सामने आई है।

दिल्ली में घर-दुकानों में घुसा पानी-संगम विहार, दुर्गा विहार और कनॉट प्लेस में तीन से चार फीट तक पानी भर गया। कई घरों और दुकानों में पानी घुसने से लोग परेशान रहे।

सड़कों पर वाहन भी पानी में फंस गए।

उत्तर प्रदेश में घाट डूबे-उत्तर प्रदेश के 19 जिलों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं।

वाराणसी में गंगा का जलस्तर बढ़ने से दशाश्वमेध घाट की पुलिस चौकी डूब गई। प्रयागराज के दारागंज घाट का श्मशान भी पानी में डूब गया। इसके चलते सड़कों पर अंतिम संस्कार करना पड़ रहा है।

## होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से शुल्क लेगा ईरान

# संसद की मंजूरी; भुगतान रियाल या पसंद की मुद्रा में, बदले में सुरक्षा और बीमा जैसी सेवाएं

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

ईरान की संसद ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों से शुल्क लेने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। ईरानी समाचार एजेंसी के मुताबिक, जिन देशों के जहाजों को होर्मुज से गुजरने की अनुमति होगी, उनसे समुद्री सेवाओं के बदले शुल्क लिया जाएगा।

शुल्क के बदले सुरक्षा सेवाएं-ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के प्रवक्ता हसन काशकवी के अनुसार, शुल्क के बदले जहाजों को समुद्री सेवाएं, सुरक्षा और बीमा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। पर्यावरण संबंधी सेवाओं के साथ विशेष परिस्थितियों में ईंधन भी उपलब्ध कराया जाएगा। भुगतान ईरानी रियाल या ईरान की पसंद की किसी अन्य मुद्रा में किया जा सकेगा।

### अमेरिका ने बताया आर्थिक जंग का आखिरी दौर

अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि ट्रम्प प्रशासन ईरान के खिलाफ आर्थिक कार्रवाई के आखिरी दौर में पहुंच गया है। अमेरिका का लक्ष्य ईरान की आय के बड़े स्रोतों को बंद करना है। इसके लिए अमेरिकी सरकार की सभी एजेंसियों और अधिकारों का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे पहले ट्रम्प इसे किसी विरोधी देश के खिलाफ सबसे बड़ी आर्थिक कार्रवाई बता चुके हैं और अन्य देशों से ईरान को अलग-थलग करने में सहयोग की अपील कर चुके हैं।




### खाड़ी देशों को ईरान की चेतावनी

ईरान के नए राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुख मोहसिन रेजाई ने अमेरिका की आर्थिक कार्रवाई में सहयोग करने वाले खाड़ी देशों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ईरान पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने में अमेरिका का साथ देने वाले देशों को दुश्मन माना जाएगा।

### मक्का समझौते में शामिल होने का दावा

ईरानी अधिकारी मेहदी रहीमी ने दावा किया है कि ईरान को मक्का समझौते में शामिल होने का न्योता मिला है। उनके अनुसार मामले पर अभी विचार किया जा रहा है। हालांकि, ईरानी विदेश मंत्रालय और समझौते के संस्थापक देशों सऊदी अरब, तुर्किये और पाकिस्तान ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। सऊदी अरब, तुर्किये और पाकिस्तान ने 7 अगस्त को मक्का में आपसी रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत एक देश पर हमला तीनों देशों पर हमला माना जाएगा।

### होर्मुज पर ट्रम्प का दावा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प होर्मुज जलडमरूमध्य को नया अमेरिकी क्षेत्र बता चुके हैं। 18 अगस्त को उन्होंने पहली बार होर्मुज पर अमेरिकी नियंत्रण की बात कही थी। इसके बाद रविवार को भी उन्होंने ऐसी तस्वीर साझा की, जिसमें होर्मुज को अमेरिकी क्षेत्र के रूप में दिखाया गया।

जंग के बाद दो रास्तों की चर्चा-अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने के बाद होर्मुज में दो अलग समुद्री रास्तों की चर्चा है। ईरानी रास्ता उत्तरी हिस्से में ईरान के तट के पास है और लारक तथा

## सुपीम कोर्ट ने 11 साल पुराने केस में लगाया भारी जुर्माना

# गरीब लाइन में हैं, लग्जरी मुकदमेबाजी नहीं चलेगी

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

देश की अदालतों में आम और गरीब फरियादी न्याय की उम्मीद में सालों लाइन में इंतजार कर रहे हैं। वहीं, अमीर लोगों के मुकदमें पर जल्दी सुनवाई हो जा रही है। अमीर लोगों द्वारा की जाने वाली लग्जरी मुकदमेबाजी पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को असरदार लोगों के लग्जरी मुकदमे में शामिल होने के तरीके को गलत बताया, जिससे सही केस की सुनवाई में देरी होती है। कोर्ट ने %साफ नीयत% से कोर्ट न आने वाले केस करने वाले हर केस करने वाले पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

**कोर्ट ने लगाया 5-5 लाख का जुर्माना**-जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच ने एक्ट्रेस रेहाना खान और उनके वकील रिजवान सिद्दीकी की अर्जी खारिज कर दी। दोनों पिछले 11 साल से बार काउंसिल ऑफ इंडिया, बॉम्बे ।िष्ट और स्ट समेत अलग-अलग फोरम पर कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं।

**11 साल तक लिया कोर्ट का समय**-बेंच ने कहा, इनमें से हर पार्टी हमारे पास किसी गलत काम की शिकायत लेकर आई है, और हर कोई इसके लिए काफी हद तक जिम्मेदार रहा है। इन दोनों ने मिलकर 11 साल तक बार काउंसिल, एक ।िष्ट और इस कोर्ट का समय लिया है। वह समय दूसरे केस लड़ने वालों का था, जो उस राहत का इंतजार कर रहे थे जिसकी उन्हें सच में जरूरत थी। हम दोनों के व्यवहार से पूरी तरह सहमत नहीं हैं।

हर पार्टी के व्यवहार को देखते हुए, हम उन पर जुर्माना लगाना सही समझते हैं। बेंच ने कहा, हर जरूरी बात को रिकॉर्ड से निकालना पड़ा है, जिसमें दबाना, बढ़ा-चढ़ाकर बताना और बाद में सोचना दोनों तरफ की आम बात है। न्याय की मशीनरी पार्टियों को उनके हिसाब से कोई सुविधा नहीं देती कि वे झगड़े निपटाएं।

# एसएमएस में अब नशे की लत का इलाज पूरी तरह निशुल्क

### शराब, अफीम, तंबाकू और सिगरेट समेत कई नशों से छुटकारे की सुविधा; 10 बिस्तरों से शुरू हुआ उपचार

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

एसएमएस अस्पताल में नशे की लत से छुटकारा दिलाने के लिए निशुल्क भर्ती उपचार सुविधा शुरू की गई है। यह सुविधा एसएमएस मेडिकल कॉलेज के अधीन मनोचिकित्सा केंद्र में शुरू हुई है। इसके लिए फिलहाल 10 बिस्तरों की व्यवस्था की गई है, जिसे आगे बढ़ाया जाएगा।

### दवाएं भी निशुल्क मिलेंगी

यह सुविधा राष्ट्रीय मादक पदार्थ निर्भरता उपचार केंद्र के तहत शुरू की गई है। केंद्र से मरीजों के लिए आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उपचार में नशा छुड़ाने की शुरुआती दवाओं के साथ लंबे समय तक नशे से दूर रखने वाली दवाएं भी दी जाएंगी। शराब छोड़ने के बाद होने वाली तलब कम करने वाली दवाओं के साथ अफीम और स्मैक जैसे नशीले पदार्थों के लिए दवा आधारित उपचार उपलब्ध होगा।




गांजा, नींद की गोलियों और अन्य नशों के उपचार की दवाएं भी निशुल्क दी जाएंगी।

**20 से 45 वर्ष के मरीज ज्यादा**-मनोचिकित्सा केंद्र के अधीक्षक डॉ. योगेश सतीजा के अनुसार सुविधा का सबसे अधिक लाभ उन मरीजों को मिलेगा, जिन्हें शराब या अन्य नशों की गंभीर लत है और वे इसे छोड़ने में परेशानी महसूस करते हैं। नशामुक्ति उपचार सुविधा के नोडल अधिकारी डॉ. धर्मदीप सिंह ने बताया कि केंद्र में शराब, अफीम, स्मैक, हेरोइन, डोडा-पोस्त, तंबाकू, गुटखा, बीड़ी-सिगरेट, गांजा, नींद की गोलियों सहित अन्य नशीले पदार्थों की लत वाले मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें अधिकांश की उम्र 20 से 45 वर्ष के बीच है।

### मरीज और परिजनों की सलाह

दवाओं के साथ मरीजों और उनके परिजनों की परामर्श सेवा भी दी जा रही है। इसका उद्देश्य मरीजों को नशे से दूर रखने के साथ दोबारा नशे की ओर लौटने की संभावना कम करना है। पूरे उपचार के दौरान मरीज से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

## नाबालिग खिलाड़ी के यौन शोषण के आरोप में प्रशिक्षक पर मामला

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता मलखंभ प्रशिक्षक गणेश प्रभाकर देवरुखकर के खिलाफ 16 वर्षीय छात्रा की शिकायत पर बाल संरक्षण कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है। 45 वर्षीय प्रशिक्षक पर छात्रा ने यौन शोषण के आरोप लगाए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है, जबकि आरोपी फिलहाल फरार बताया जा रहा है।

कई वर्षों से ले रही थी प्रशिक्षण-पुलिस के अनुसार छात्रा मुंबई के एक महाविद्यालय में पढ़ती है और कई वर्षों से आरोपी प्रशिक्षक से जिम्नास्टिक का प्रशिक्षण ले रही थी। शिकायत के मुताबिक घटना शुक्रवार सुबह की है। मलखंभ महासंघ के एक अधिकारी ने नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि घटना के संबंध में मुंबई मलखंभ महासंघ से

## दिल्ली से पटना आ रहे विमान से टकराया पक्षी

### 164 यात्री थे सवार, इंजन सुरक्षित; सात दिन में पक्षी टकराने की दूसरी घटना



**पटना ( एजेंसी )।** पटना हवाई अड्डे पर सोमवार सुबह दिल्ली से आ रहे विमान से पक्षी टकराने की घटना सामने आई। विमान में 164 यात्री सवार थे।

अधिकारियों के अनुसार विमान सुबह 7 बजकर 43 मिनट पर सुरक्षित रूप से पटना हवाई अड्डे पर उतरा।

### आपात व्यवस्था लागू

घटना की आशंका को देखते हुए हवाई अड्डा प्रशासन ने एहतियात के तौर पर आपात उतरने की व्यवस्था लागू कर दी थी। अग्निशमन सहित अन्य संबंधित सेवाओं को भी तैनात किया गया। विमान के चालक ने धावन पथ के पास पहुंचते समय विमान के दाहिने इंजन के समीप पक्षी टकराने की आशंका जताई थी।

**जांच में इंजन सुरक्षित**-उतरने के बाद की गई जांच में पक्षी के टकराने की पुष्टि हुई, लेकिन इंजन को किसी तरह का नुकसान नहीं मिला। आवश्यक जांच पूरी होने के बाद विमान को दिल्ली लौटने की अनुमति दे दी गई।

वापसी की उड़ान में 79 मिनट की देरी हुई। यह उड़ान निर्धारित सुबह 8 बजकर 45 मिनट के बजाय सुबह 10 बजकर 9 मिनट पर रवाना हुई। पटना हवाई अड्डे पर सात दिन में पक्षी टकराने की यह दूसरी घटना है।

# गुरु की कलम से बदली गांव की तकदीर, अब शिष्या को मिलेगा राष्ट्रपति सम्मान

### चार दशक पहले व्यापार से गुजर-बसर करने वाले राधानगर में शिक्षा की लौ जली; आज गांव में शिक्षक, प्रोफेसर, इंजीनियर और बैंककर्मी

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चुनी गई कटोरिया प्रखंड के राधानगर गांव की शिक्षिका खुशबू कुमारी अब शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति भवन में सम्मान प्राप्त करेंगी। हालांकि, खुशबू की सफलता से भी बड़ी कहानी उनके गांव की है, जहां चार दशक पहले तक शिक्षा का नाम मुश्किल से सुनाई देता था। गांव में अधिकांश वैश्य परिवार रहते थे और लोग पीढ़ियों से परंपरागत व्यापार के सहारे परिवार चलाते थे। आठवें दशक तक गांव में मुश्किल से कोई मैट्रिक पास था। इसी दौरान सरकारी विद्यालय में शिक्षक राधारमण सिन्हा पहुंचे। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित किया और गांव में शिक्षा की ऐसी अलख जगाई कि धीरे-धीरे नई पीढ़ी ने व्यापार के बजाय पढ़ाई को अपना लक्ष्य बना लिया।



**तराजू की जगह कलम ने संभाली जिम्मेदारी**-राधारमण सिन्हा की मेहनत से गांव में शिक्षा का माहौल बना। दो-तीन दशकों में तस्वीर पूरी तरह बदल गई। जिस गांव में मैट्रिक पास करने वाले गिने-चुने थे, वहां अब एक दर्जन से अधिक शिक्षक हैं। कई युवा प्रोफेसर, इंजीनियर, बैंककर्मी और पुलिस सेवा में पहुंचे हैं। विकास कुमार बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं, जबकि डॉ. सुमन कुमार टीएनबी कॉलेज में प्रोफेसर हैं। एक अन्य युवा एसएम कॉलेज में प्रोफेसर हैं। गांव का एक युवक संघ लोक सेवा आयोग की इंजीनियरिंग परीक्षा में सफल हुआ। इसके अलावा दर्जनभर बैंककर्मी और इंजीनियर हैं।

## अमरावती अस्पताल में आग

### नवजात वार्ड में आग से तीन बच्चों की मौत

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

महाराष्ट्र के अमरावती जिला महिला अस्पताल की नवजात गहन चिकित्सा इकाई में सोमवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे आग लग गई। तीसरी मंजिल पर स्थित इस इकाई में उस समय 39 नवजात भर्ती थे। हादसे में तीन नवजातों की मौत हो गई, जबकि 36 को सुरक्षित बचा लिया गया।

एक हिस्से में फैली आग-अमरावती के पुलिस आयुक्त राकेश ओला के अनुसार नवजात गहन चिकित्सा इकाई के तीन हिस्सों में से एक में नौ नवजात भर्ती थे। आग इसी हिस्से में फैली, जिसकी चपेट में तीन बच्चे आ गए।

छह बच्चों को दूसरी जगह भेजा-आग की चपेट में आने से बचे छह नवजातों को उपचार के लिए दूसरी जगह स्थानांतरित किया गया है।

## निकाय चुनाव में टिकट की दौड़ तेज

# टिकट के लिए सिफारिशों का दौर, सक्रियता और जनसेवा के आधार पर होगा उम्मीदवारों का चयन

### जयपुर के 150 वार्डों पर भाजपा में 2500 से ज्यादा दावेदार

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

राजस्थान में निकाय चुनाव को लेकर टिकट की दावेदारी तेज हो गई है। टिकट तय होने से पहले बड़े नेताओं के घर सिफारिशों का दौर चल रहा है। भाजपा और कांग्रेस ने आवेदन पत्रों की छंटनी शुरू कर दी है। दोनों दल एक-दो दिन में प्रत्येक वार्ड से तीन-तीन दावेदारों का पैनल तैयार करेंगे, जिसके बाद अंतिम फैसला प्रदेश स्तर पर होगा। जयपुर के 150 वार्डों के लिए भाजपा में 2500 से ज्यादा कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने पार्षद टिकट के लिए आवेदन किया है। इनमें करीब 1000 आवेदन महिलाओं के हैं।

**अजमेर-कोटा में भी बड़ी संख्या में दावेदार**-अजमेर में 80 पार्षद पदों के लिए भाजपा और कांग्रेस को एक-एक हजार से ज्यादा आवेदन मिले हैं। यहां प्रत्येक वार्ड से करीब 10 से 15 दावेदार हैं, जबकि कुछ वार्डों में आवेदन 20 से 30 तक पहुंच गए हैं। कोटा में 100 पार्षद पदों के लिए कांग्रेस को 550 से ज्यादा और भाजपा को 700 से ज्यादा आवेदन मिले हैं।



**अलवर में समर्थकों के साथ शक्ति प्रदर्शन**-अलवर में भाजपा के टिकट दावेदारों का शक्ति प्रदर्शन तेज हो गया है। सोमवार को हुए कार्यकर्ता सम्मेलन में शहर के सभी 65 वार्डों से दावेदार समर्थकों के साथ पहुंचे। कई दावेदार 50 से 100 तक कार्यकर्ताओं को साथ लेकर ढोल-नगाड़ों के बीच सम्मेलन में पहुंचे।

### सक्रियता और जनसेवा को मिलेगा महत्व

जयपुर शहर भाजपा अध्यक्ष अमित गोयल ने बताया कि आवेदन की अंतिम तारीख 31 अगस्त है। ऐसे में इसके दो-तीन दिन पहले प्रत्याशियों की सूची जारी हो सकती है।

उन्होंने बताया कि महिलाओं ने सामान्य वार्डों से भी बड़ी संख्या में दावेदारी की है। ऐसे में टिकट वितरण में महिला उम्मीदवारों को लेकर पार्टी में मंथन होगा।

उन्होंने कहा कि लंबे समय से संगठन के लिए काम करने वाले कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

CMYK

## संपादक की कलम से....

# बच्चों की हर जिद पूरी करना कहां तक सही



रेखा गौड संपादक
दैनिक नवश्रेय टाइम्स

बच्चों की मुस्कान हर माता-पिता के लिए सबसे बड़ी खुशी होती है। उनकी छोटी-बड़ी इच्छाएं पूरी करने में अभिभावक भी संतोष महसूस करते हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या बच्चे की हर जिद पूरी करना उसके भविष्य के लिए सही है निश्चित रूप से नहीं। प्यार और परवरिश के बीच संतुलन बेहद जरूरी है। आज बदलते दौर में माता-पिता अपने बच्चों को हर सुविधा उपलब्ध कराना चाहते हैं। बच्चा महंगा खिलौना मांगे तो खिलौना मिल जाता है, मोबाइल मांगे तो मोबाइल हाथ में आ जाता है और बाहर खाने की जिद करे तो उसकी इच्छा पूरी कर दी जाती है। कई बार अभिभावक बच्चों के रोने, नाराज होने या दूसरों के सामने जिद करने से बचने के लिए भी उनकी मांग मान लेते हैं। धीरे-धीरे यही आदत बच्चों के व्यवहार का हिस्सा बन जाती है। हर जिद पूरी होने से बच्चे के भीतर 'जो चाहूंगा, वह मिल जाएगा' जैसी मानसिकता विकसित हो सकती है। इससे उनमें धैर्य, अनुशासन और चीजों का मूल्य समझने की क्षमता कमजोर पड़ती है।

जीवन में जब उनकी कोई इच्छा पूरी नहीं होती, तो वे निराशा, गुस्से या चिड़चिड़ेपन का शिकार हो सकते हैं। आगे चलकर यही व्यवहार उनके सामाजिक और व्यावसायिक जीवन को भी प्रभावित कर सकता है। इसका अर्थ यह कतई नहीं कि बच्चों की इच्छाओं को हमेशा नकार दिया जाए। अभिभावकों को यह समझना होगा कि बच्चे की जरूरत और जिद में अंतर क्या है। शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और विकास से जुड़ी आवश्यकताओं को प्राथमिकता मिलनी चाहिए, जबकि अनावश्यक मांगों पर समझदारी से 'न' कहना भी जरूरी है। बच्चे को यह समझाना चाहिए कि हर वस्तु तुरंत हासिल नहीं की जा सकती और किसी चीज के लिए इंतजार करना भी जीवन का हिस्सा है। माता-पिता को बच्चों के सामने स्वयं भी संयम और अनुशासन का उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए।

केवल उपदेश देने से बच्चे नहीं सीखते, वे अपने आसपास के व्यवहार से अधिक सीखते हैं। उन्हें छोटी जिम्मेदारियां देना, मेहनत का महत्व समझाना और सीमित संसाधनों में संतोष करना सिखाना भविष्य के लिए मजबूत आधार तैयार करता है। दरअसल, बच्चों से सच्चा प्रेम उनकी हर जिद पूरी करने में नहीं, बल्कि उन्हें जीवन की वास्तविकताओं के लिए तैयार करने में है। कभी-कभी प्यार से कहा गया 'नहीं' भी बच्चे के भविष्य के लिए 'हां' साबित होता है। इसलिए अभिभावकों को लाड़-प्यार और अनुशासन के बीच संतुलन बनाते हुए ऐसी परवरिश करनी चाहिए, जो बच्चों को केवल सुविधासंपन्न नहीं, बल्कि संवेदनशील, आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनाए।

# कांग्रेस की दो टूक: वार्ड बदला तो टिकट की दावेदारी नहीं

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर



प्रदेश में नगर निकाय चुनाव की सरगर्मियां तेज होने के साथ ही कांग्रेस ने प्रत्याशी चयन को लेकर गाइडलाइन जारी कर दी है। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि दावेदार जिस वार्ड का निवासी है,वह उसी वार्ड से पार्षद पद के लिए आवेदन कर सकेगा। दूसरे वार्ड से की गई दावेदारी पर सामान्य तौर पर विचार नहीं किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने इस संबंध में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए हैं। दरअसल वार्डों के आरक्षण के चलते कई दावेदार दूसरे वार्डों से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। किसी का वार्ड महिला, ओबीसी, एससी या एसटी वर्ग के लिए आरक्षित होने पर सामान्य वर्ग के दावेदार दूसरे वार्ड से आवेदन कर रहे हैं। इसी तरह आरक्षण के कारण अन्य वर्गों के दावेदार भी वार्ड बदलकर टिकट की दावेदारी कर रहे हैं। पार्टी ने दावेदारों की संख्या सीमित करने और स्थानीय कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देने के लिए यह व्यवस्था लागू की है। कांग्रेस नेताओं के अनुसार विशेष परिस्थितियों में वार्ड बदलने की अनुमति दी जा सकती है। यदि किसी वार्ड में कांग्रेस का कोई स्थानीय दावेदार नहीं है, तभी दूसरे वार्ड के दावेदार पर विचार की संभावना रहेगी। हालांकि, ऐसे मामले बेहद सीमित रखने की बात कही गई है। पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने भी कहा कि वार्ड बदलकर चुनाव लड़ने की अनुमति किसी को नहीं दी जाएगी। जिस वार्ड में पार्टी का कार्यकर्ता रहता है, उसे ही प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान पार्षद भी दूसरे वार्ड में जाकर आवेदन करता है तो इसे उचित नहीं माना जाएगा। पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ताओं को ही मौका दिया जाएगा। इधर जयपुर नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस ने मिशन-100 का लक्ष्य तय किया है। सोमवार को सुनील शर्मा ने चुनाव के लिए विभिन्न कमेटियों की घोषणा की। कैंपेन कमेटी के प्रमुख सुनील शर्मा, स्टीयरिंग कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, अनुशासन समिति के अध्यक्ष विधायक अमीन कागजी और पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी के अध्यक्ष रफीक खान बनाए गए हैं। वहीं राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष बीएम शर्मा को चुनाव घोषणा पत्र समिति की जिम्मेदारी दी गई है। सुनील शर्मा ने कहा कि जयपुर की जनता बदलाव चाहती है और कांग्रेस इसी उम्मीद के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। पार्टी ने 150 सदस्यीय जयपुर नगर निगम में 100 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनील शर्मा ने बताया कि अब तक 1350 से ज्यादा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्षद पद के लिए आवेदन किए हैं। प्रत्याशियों के चयन के लिए कांग्रेस एक प्रोफेशनल कंपनी से सर्वे भी करवा रही है। इसके अलावा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के को-ऑर्डिनेटर भी दावेदारों के नामों की समीक्षा करेंगे।

पार्टी 26 अगस्त तक टिकट दावेदारों के नाम फाइनल कर सकती है। प्रदेश कांग्रेस ने सोमवार को सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। पर्यवेक्षकों को 24 से 26 अगस्त तक अपने-अपने प्रभार वाले क्षेत्रों में संगठनात्मक बैठकें करने तथा 27 अगस्त को प्रदेश कांग्रेस को रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निकाय चुनाव के लिए 27 अगस्त से नामांकन प्रक्रिया शुरू होनी है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### गाइडलाइन की अनदेखी पर स्पा सेंटर में पुलिस की दबिश

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

आदर्श नगर इलाके में पुलिस ने स्पा सेंटरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को कार्रवाई करते हुए 'नमस्ते थाई स्पा सेंटर' पर छापा मारा। जयपुर पूर्व जिला विशेष टीम (डीएसटी) और आदर्श नगर थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में आयुक्तालय की गाइडलाइन का उल्लंघन पाए जाने पर चार युवतियों और चार पुरुषों सहित आठ जनों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170 के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपायुक्त पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि स्पा सेंटरों की आड़ में होने वाली अनियमितताओं और अनैतिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। स्पा संचालकों को पूर्व में पुलिस की गाइडलाइन की पालना के संबंध में निर्देश और चेतावनी भी दी गई थी। इसके बावजूद नियमों की अनदेखी मिलने पर कार्रवाई की गई। थानाधिकारी छगन लाल ने बताया कि स्पा सेंटरों की नियमित जांच आगे भी जारी रहेगी और गाइडलाइन का उल्लंघन मिलने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में डीएसटी से उप निरीक्षक बन्ना लाल, सहायक उप निरीक्षक छीतरमल सहित पुलिसकर्मी तथा आदर्श नगर थाने से हेड कांस्टेबल रामनिवास, धर्मेंद्र कुमार, धर्मसिंह और महिला कांस्टेबल पूनम शामिल रहे।

### नरेगा महिला श्रमिक की नाक से नथली तोड़कर लूटने वाले गिरफ्तार

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

बस्सी थाना पुलिस ने नरेगा महिला श्रमिक की नाक से सोने की नथली झपटकर फरार हुए दो आरोपियों को महज तीन घंटे में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल महिंद्रा एक्सयूवी कार भी जब्त की है। आरोपियों ने सुनसान स्थानों पर महिलाओं को निशाना बनाकर लूट की वारदातें करना कबूल किया है। जयपुर पूर्व पुलिस उपायुक्त रंजीता शर्मा ने बताया कि 22 अगस्त को कृष्णा देवी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महिला नरेगा में काम करती है। दोपहर करीब 12.40 बजे वह कार्यस्थल से पंचायत भवन के बाहर सड़क किनारे लगे नल से पानी भरने गई थी। इसी दौरान घाटा रोड की ओर से आई सफेद एक्सयूवी कार उसके पास रुकी। कार में पांच लोग सवार थे। दो आरोपी नीचे उतरे। एक ने महिला का मुंह दबाया और उसकी नाक में पहनी सोने की नथली झपटकर तोड़ ली। इससे महिला की नाक फट गई। महिला के शोर मचाने पर वहां काम कर रहे भोमाराम गुर्जर और मोहर सिंह गुर्जर ने बाइक से कार का पीछा किया और उसका फोटो-वीडियो बना लिया। कार का नंबर भी पुलिस को उपलब्ध कराया गया। मामले में बस्सी थाने में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पारस जैन के सुपरविजन, एसीपी बस्सी हरजीलाल यादव के निर्देशन और थानाधिकारी लिखमाराम के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस ने बीटीएस, सीडीआर और अन्य तकनीकी संसाधनों की मदद ली। आरोपियों के भागने के रास्ते में करीब 150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। इसके आधार पर पुलिस ने कुंज बिहारी उर्फ जीतू सोनी और हेमराज उर्फ राजू सैनी को तीन घंटे में गिरफ्तार कर लिया।

### मॉरीशस में भारतीय धर्म-संस्कृति की ध्वजा फहराकर जयपुर लौटा विद्वानों का दल

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

मॉरीशस में श्रावण महोत्सव के तहत शिव कथा, रुद्र महायज्ञ, गायत्री महायज्ञ और भारतीय संस्कारों के आयोजन कर सनातन धर्म, वेद-वेदांग, भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक परंपराओं का संदेश देने वाला जयपुर का पांच सदस्यीय विद्वानों का दल जयपुर लौट आया। जयपुर पहुंचने पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक संगठनों की ओर से दल का अभिनंदन किया गया। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में पं. कमलेश शास्त्री, पं. दीपक शास्त्री वृंदावन, आचार्य कमलेश अचलपुरा और पं. सौम्य शास्त्री मॉरीशस गए थे। गुडलैंड्स स्थित श्री विश्वनाथ मंदिर परिसर में आयोजित श्रावण महोत्सव-2026 में शिव कथा-प्रवचन और रुद्र महायज्ञ हुए। डॉ. मिश्रा ने व्यासपीठ से शिव कथा के माध्यम से सनातन परंपरा, धर्म, संस्कार और आध्यात्मिक जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला। रुद्र महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहुतियां दीं। दल ने मॉरीशस में भारतीय संस्कारों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया। इस दौरान संस्कारों के वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही गायत्री महायज्ञ का आयोजन कर वैदिक मंत्रोच्चार और यज्ञीय परंपरा का संदेश दिया गया।

# जयपुर में सजा सौंदर्य का राष्ट्रीय मंच: केरल की केजिया लीज मेजो बनीं मिस यूनिवर्स इंडिया

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर





गुलाबी नगरी जयपुर में मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 का भव्य ग्रैंड फिनाले आयोजित हुआ। जिसमें देशभर से चयनित 52 प्रतिभागियों ने सौंदर्य, प्रतिभा, आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और भारतीय संस्कृति का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में केरल की केजिया लीज मेजो ने अपने प्रभावशाली व्यक्तित्व और मंचीय प्रस्तुति के दम पर मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 का खिताब अपने नाम किया। तमिलनाडु की वैष्णवी गणेश फर्स्ट रनरअप और गुजरात की अनुश्री सातवलेकर दूसरे स्थान पर रहीं। खिताब जीतने के बाद केजिया अब अंतरराष्ट्रीय मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। उन्होंने कहा कि यह खिताब उनके लिए उपलब्धि के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। वे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की विविधता, संस्कृति और नई पीढ़ी की प्रतिभा को प्रस्तुत करेंगी। ग्रैंड फिनाले में प्रतिभागियों ने विभिन्न राउंड में अपनी प्रतिभा,संचार कौशल,नेतृत्व क्षमता और सामाजिक सोच का प्रदर्शन किया। आयोजन में करीब 800 फैशन डिजाइनर और डेलीगेट्स शामिल हुए। बॉलीवुड स्टार और पहली भारतीय मिस यूनिवर्स सुष्मिता सेन,दो बार मिस यूनिवर्स इंडिया रह चुकीं उर्वशी रौतेला तथा पूर्व मिस यूनिवर्स फर्स्ट रनरअप और अभिनेत्री सेलिना जेटली की मौजूदगी ने समारोह की भव्यता बढ़ाई। मिस यूनिवर्स इंडिया 2024-25 की विजेता रिया सिंघा और मणिका विश्वकर्मा भी समारोह में शामिल हुईं। मिस यूनिवर्स इंडिया के ऑनर निखिल आनंद ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य देशभर की प्रतिभाशाली युवतियों को राष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराकर उनकी प्रतिभा,व्यक्तित्व और नेतृत्व क्षमता को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना है।

# जयपुर से बीआरई समिट-2026 के रोड शो का आगाज

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर



भारत की गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली उत्पादन क्षमता 300 गीगावाट के पार पहुंच गई है। 31 जुलाई 2026 तक देश की गैर-जीवाश्म क्षमता 300.50 गीगावाट दर्ज की गई, जो कुल बिजली उत्पादन क्षमता का 54 प्रतिशत से अधिक है। इसी उपलब्धि के बीच भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट एंड एक्सपो (बीआरई समिट) 2026 के देशव्यापी क्षेत्रीय रोड शो की शुरुआत सोमवार को जयपुर से हुई। नई दिल्ली के भारत मंडपम में 2 से 5 नवंबर तक होने वाले बीआरई समिट-2026 से पहले आयोजित इस रोड शो में केंद्र व राज्य सरकार, उद्योग, निवेशक और अक्षय ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया। राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड (आरआरईसीएल), इंडियन विंड टरबाइन मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईडब्ल्यूटीएमए), विंड इंडिपेंडेंट पावर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (डब्ल्यूआईपीपीए) और सस्टेनेबल प्रोजेक्ट्स डेवलपर्स एसोसिएशन (एसपीडीए) के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। आरआरईसीएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक रोहित गुप्ता ने कहा कि राजस्थान सौर ऊर्जा के साथ विंड-सोलर हाइब्रिड, बैटरी एनर्जी स्टोरेज और ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर रहा है। वहीं, नवीन एवं अक्षय ऊर्जा मंत्रालय के संयुक्त सचिव राजेश कुलहरि ने कहा कि 300 गीगावाट का आंकड़ा पार करना भारत की स्वच्छ ऊर्जा यात्रा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। भारत ने 2030 के 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म क्षमता लक्ष्य का 60 प्रतिशत से अधिक हासिल कर लिया है। रोड शो में बीआरई समिट की रणनीतिक रूपरेखा, निवेश के अवसर और व्यावसायिक साझीदारी पर चर्चा हुई। साथ ही भारत की अक्षय ऊर्जा यात्रा और आगामी समिट पर आधारित फिल्मों का प्रदर्शन किया गया तथा समिट के डिजिटल पोर्टल व मोबाइल एप का लाइव प्रदर्शन हुआ।

# यातायात जागरूकता अभियान में विद्यार्थियों को बताए सड़क सुरक्षा के नियम

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर




सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एवं जन सुरक्षार्थ श्रद्धांजलि स्वरूप यातायात पुलिस की ओर से यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल, आगरा रोड, चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल, बनीपार्क और एसएस जैन सुबोध कॉलेज में विद्यार्थियों को यातायात नियमों एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात पूर्व डॉ. हेमंत कुमार जाखड़ एवं पुलिस निरीक्षक यातायात पूर्व दुर्गा प्रसाद ने शिक्षा टीम के साथ छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। वहीं चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल में पुलिस निरीक्षक यातायात पश्चिम संपत राज ने एनसीसी कैडेट्स को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थियों को नाबालिगों के वाहन नहीं चलाने, जेब्रा लाइन से सड़क पार करने, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग, ट्रैफिक सिग्नल की पालना सहित सुरक्षित यातायात के नियम बताए गए। दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद कर अच्छे मददगार बनने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस दौरान यातायात जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किए गए। इसी क्रम में एसएस जैन सुबोध कॉलेज में भी विशेष जागरूकता कार्यक्रम हुआ, जिसमें 850 से अधिक विद्यार्थियों एवं कॉलेज स्टाफ ने भाग लिया। सहायक पुलिस आयुक्त यातायात मुकेश चौधरी ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। वहीं साइबर अनुसंधान इकाई जयपुर पूर्व की एसीपी प्रियंका वैष्णव ने फिशिंग, ओटीपी व बैंकिंग फ्रॉड, सोशल मीडिया अपराध और डिजिटल अरेस्ट से बचाव के उपाय बताए। विद्यार्थियों को अपना ओटीपी, यूपीआई पिन, बैंक पासवर्ड और कार्ड सीवीवी साझा नहीं करने तथा अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने की सलाह दी गई।

साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी भी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा और साइबर अपराधों को लेकर युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए ऐसे कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे।

# शराब तस्कर समेत रंगदारी मांगने वाला बदमाश गिरफ्तार





■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

निकाय चुनाव की आदर्श आचार संहिता के बीच जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में एक इनामी शराब तस्कर और रंगदारी मांगने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब तस्कर के कब्जे से 13 पेटियों में 552 पव्वे अवैध शराब और बीयर तथा एक मारुति सुजुकी जेटा हाइब्रिड कार जब्त की है। वहीं, रंगदारी मांगने के मामले में फरार आरोपी के कब्जे से देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया गया। डीसीपी उत्तर करण शर्मा ने बताया कि जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस ने द्वारका फार्म के पास नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध जेटा हाइब्रिड कार को रोककर तलाशी ली गई। कार से हरियाणा व अन्य राज्यों की अवैध शराब और बीयर बरामद हुई।

मामले में सुरमा सांसी (43) निवासी बस्सी, हाल जयसिंहपुरा खोर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ 26 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह शराब तस्करी के लिए इनामी भी है। पूछताछ में सामने आया कि वह दूसरे राज्यों से शराब लाकर अपनी परिचित महिलाओं के माध्यम से आगे सप्लाई करवाता था।

## गलता धाम में कांवड़ियों का रेला

# सावन के अंतिम सोमवार पर शिवमय हुई छोटीकाशी: गलता से शिवालयों तक उमड़ा आस्था का सैलाब

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर




सावन मास के चौथे और अंतिम सोमवार को छोटीकाशी जयपुर पूरी तरह शिवमय नजर आई। तड़के गलता धाम से शुरू हुई कांवड़ यात्राओं से लेकर देर शाम तक शहर के प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। हर ओर 'बोल बम', 'हर-हर महादेव' के जयघोष गूंजते रहे। दोपहर में हुई झमाझम बारिश ने मौसम को सुहाना कर दिया। बारिश के बीच भी शिवभक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ और श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। **'गलता में हर की पौड़ी जैसा नजारा'** रविवार मध्यरात्रि से ही बड़ी संख्या में कांवड़िए गलता तीर्थ पहुंचने लगे। ब्रह्म मुहूर्त में कांवड़ियों ने गलता कुंड में स्नान कर पवित्र जल भरा और कांवड़ सजाकर शहर के विभिन्न शिवालयों की ओर रवाना हुए। रंग-बिरंगी वेशभूषा में सजे कांवड़िए डमरू की धुन पर 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयकारे लगाते हुए नंगे पांव आगे बढ़े। गलता धाम में हरिद्वार की हर की पौड़ी जैसा दृश्य नजर आया। कांवड़ यात्रा में भगवान भोलेनाथ और अघोरी के स्वरूप आकर्षण का केंद्र रहे। कई कॉलोनियों में मातृशक्ति ने कलश यात्रा निकालकर कांवड़ियों का स्वागत किया। **'ताड़केश्वर में बड़ी चौपड़ तक कतार'** चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर महादेव मंदिर के पट सुबह 4 बजे खुलते ही श्रद्धालुओं की कतार लग गई। सुबह होते-होते यह कतार बड़ी चौपड़ तक पहुंच गई। भक्तों ने दूध, घी और केसर मिश्रित जल से अभिषेक किया। शाम को भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। वैशाली नगर स्थित झाड़खंड महादेव मंदिर में मंगला आरती के साथ जलाभिषेक शुरू हुआ, जो दोपहर तक जारी रहा। श्रद्धालुओं की कतार क्वींस रोड तक पहुंच गई। शाम को मंदिर में सजी विशेष फूल बंगला झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। बनीपार्क स्थित जंगलेश्वर महादेव मंदिर में भी तड़के से ही शिवभक्तों की भीड़ रही। रोजगारेश्वर महादेव, चमत्कारेश्वर महादेव, आमेर के भूतेश्वर महादेव और रामगंज के औंढ़ा महादेव सहित शहर के अन्य शिवालयों में भी दिनभर पूजा-अर्चना, अभिषेक और धार्मिक अनुष्ठान हुए। शाम को मंदिरों में विशेष श्रृंगार किया गया। चारदीवारी में पहली बार निकली महाकाल की शाही सवारी सावन के अंतिम सोमवार पर चारदीवारी में पहली बार बाबा महाकाल की भव्य शाही सवारी निकाली गई। उज्जैन की परंपरा की तर्ज पर निकली इस नगर भ्रमण यात्रा का शुभारंभ चौड़ा रास्ता स्थित ठठेरों के रास्ते के गौरीशंकर महादेव मंदिर से हुआ। विशेष पूजा-अर्चना और आरती के बाद बाबा महाकाल की पालकी नगर भ्रमण के लिए रवाना हुई। सवारी के दौरान डमरू की थाप, बैंड-बाजे और शिव भजनों के बीच श्रद्धालु झूमते नजर आए। मार्ग में धार्मिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं। बाबा महाकाल के दर्शन के लिए चारदीवारी के प्रमुख मार्गों पर श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। व्यापारिक व सामाजिक संगठनों तथा स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर शाही सवारी का स्वागत किया और आरती उतारी। गायत्री चेतना केंद्र में रुद्राभिषेक सांगानेर स्थित गायत्री चेतना केंद्र में अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष रुद्राभिषेक हुआ। डॉ. राजकुमार सातनकर ने विधि-विधान से पूजन कराया और शिव उपासना के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। केंद्र के व्यवस्थापक रणवीर चौधरी ने गायत्री परिवार की सामाजिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों की जानकारी दी। महामृत्युंजय मंत्र के सामूहिक जाप से वातावरण भक्तिमय हो गया। सावन के अंतिम सोमवार का व्रत रखने वाली महिला श्रद्धालुओं ने सुबह पूजन के बाद शाम को बाग-बगीचों में लहरिया पहनकर सखियों के साथ व्रत खोला। अमरापुरेश्वर महादेव में पंचामृत से अभिषेक अमरापुरेश्वर महादेव मंदिर में सावन के अंतिम सोमवार पर सुबह 6 बजे पुष्कर राज के पावन जल, गोदुग्ध और पंचामृत से करीब 40 मिनट तक विशेष अभिषेक किया गया। वेदाचार्यों के मंत्रोच्चार के बीच महादेव का पूजन कर भोग लगाया गया। शाम को मंदिर का विशेष पुष्प श्रृंगार किया गया। 28 अगस्त को होगा पंच दिवसीय जन्मोत्सव का समापन अमरापुरेश्वर महादेव मंदिर में चल रहे पंच दिवसीय जन्मोत्सव का समापन 28 अगस्त, शुक्रवार को रक्षाबंधन एवं पूर्णिमा के अवसर पर होगा। सुबह 7 से 11 बजे तक पाठों का भोग पारायण, सत्यनारायण कथा, गुरु प्रतिमाओं का पूजन, रक्षा सूत्र बंधन और दीप प्रज्वलन होगा। इसके बाद विशाल आम भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उत्सव के दौरान गौ सेवा के साथ कुष्ठ आश्रमों और अनाथालयों में भोजन, फल एवं दैनिक उपयोग की सामग्री भी वितरित की जा रही है।

तहसील कार्यालय का वरिष्ठ सहायक और दो दलाल रिश्वत लेते गिरफ्तार

# बागीदौरा में रजिस्टर्ड मॉर्टगेज की पत्रावलियां उपलब्ध कराने के एवज में मांगी थी रिश्वत

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की बांसवाड़ा इकाई ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए बागीदौरा तहसील कार्यालय के वरिष्ठ सहायक योगेन्द्र सिंह भाटी सहित दो निजी व्यक्तियों (दलाल) को 4 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। आरोपित वरिष्ठ सहायक के लिए रिश्वत राशि लेने वाले रतनसिंह और विठ्ठल को भी गिरफ्तार किया गया है। एसीबी ने रिश्वत की राशि बरामद कर ली है। एसीबी के उप अधीक्षक पुलिस रतन सिंह राजपुरोहित के अनुसार परिवादी एक फाइनेंस कंपनी में कार्यरत है। कंपनी की ओर से गृह ऋण देने से पहले आवेदकों की रजिस्ट्री को सब-रजिस्ट्रार कार्यालय से रजिस्टर्ड मॉर्टगेज करवाया जाना आवश्यक होता है। परिवादी ने शिकायत दी कि तहसील कार्यालय बागीदौरा में वरिष्ठ सहायक योगेन्द्र सिंह भाटी दो रजिस्ट्री पत्रावलियों को रजिस्टर्ड मॉर्टगेज करवाकर उपलब्ध कराने के एवज में रिश्वत मांग रहा है।



शिकायत के सत्यापन के दौरान योगेन्द्र सिंह ने दोनों पत्रावलियों के रजिस्टर्ड मॉर्टगेज के लिए प्रति पत्रावली 2 हजार 500 रुपए के हिसाब से कुल 5000 रुपए की रिश्वत मांगी। बातचीत के बाद दोनों पत्रावलियों पर 500-500 रुपए कम करने के बाद 4000 रुपए में सौदा तय हुआ। मांग की पुष्टि होने के बाद एसीबी के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान योगेन्द्र सिंह ने परिवादी से 4 हजार रुपए अपने परिचित रतनसिंह को देने के लिए कहा। रतनसिंह ने यह राशि विठ्ठल को दी। जिसके बाद एसीबी टीम ने रिश्वत की रकम बरामद कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

# केसर मिठाई शॉप पर कार्रवाई करते हुए 50 किलो संदिग्ध मिल्क केक सीज

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

रक्षाबंधन के मद्देनजर मिलावट के खिलाफ चलाए जा रहे 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत जयपुर द्वितीय की खाद्य सुरक्षा टीम ने दुर्गापुरा स्थित मिठाई आउटलेट केसर पर कार्रवाई की। टीम ने यहां 50 किलो संदिग्ध मिल्क केक सीज किया, जबकि खराब हो चुका 35 किलो मावा मौके पर नष्ट करवाया गया। मावे को अलवर से मंगवाया गया था। सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि अतिरिक्त मुख्य सचिव गायत्री राठौड़ और आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देश पर त्योहार के दौरान मिठाइयों और खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।




इसी क्रम में टीम ने केसर के कारखाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीप फ्रीज में रखा मावा चखने पर खट्टा पाया गया। इसी मावे से मिठाइयां तैयार की जानी थीं। मैनेजर ने भी मावा



खराब होने की बात स्वीकार की। टीम ने मावे का नमूना लेने के बाद शेष करीब 35 किलो दूषित मावा नष्ट करवा दिया। मिठाइयों के स्टोर की जांच के दौरान दो कार्टन में अखबार में लिपटे मिल्क केक के 20 पैकेट मिले। प्रत्येक पैकेट करीब 2.5 किलो का था। मैनेजर के अनुसार यह मिल्क केक त्योहार पर गिफ्ट पैकेट तैयार करने के लिए अलवर से मंगवाया गया था और इसकी कीमत 280 रुपए प्रति किलो थी। इसे मिल्क पाउडर, वनीला फ्लेवर, चीनी और दूध से तैयार होना बताया गया। वहीं काउंटर पर उपलब्ध मिल्क केक की कीमत 620 रुपए प्रति किलो अंकित थी और उसे प्रतिष्ठान में तैयार किया गया बताया गया। खाद्य सुरक्षा टीम ने मिल्क केक का नमूना जांच के लिए लिया और शेष करीब 50 किलो मिल्क केक को जांच रिपोर्ट आने तक कोल्ड रूम में सीज कर दिया। टीम ने केसर एक्स्ट्रैक्ट से तैयार की जा रही केसर काजू कतली का नमूना भी जांच के लिए लिया। मिठाइयां तैयार किए जाने वाले परिसर में अत्यधिक गंदगी मिली। इस पर फर्म को इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी, राजेश नागर, केपी भारद्वाज और रिमिका माथुर शामिल रहे।

# लहरिया थीम पर सजा बाबा श्याम का अलौकिक दरबार



■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

श्री श्याम प्राचीन मंदिर कावटियों का खुर्रा रामगंज बाजार में 24 अगस्त को मंदिर महंत प.लोकेश मिश्र के सानिध्य में झूला , लहरिया उत्सव मनाया गया ग्रुप अध्यक्ष शालू मिश्रा ने बताया की श्रावण मास, वन सोमवार, पवित्रा द्वादशी को श्री कृष्ण, श्याम सखा ग्रुप द्वारा भजनामृत सत्संग हुआ । कार्यक्रम संयोजक श्री राम चालीसा ने बताया बाबा श्याम को झूले में विराजमान कर लहरिया पोशाक धारण कराई गई । बाबा श्याम को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान और घेवर का भोग लगाया । सभी महिलाएं लहरिया साड़ी पहनकर आयोजन में शिरकत की । भजनों की स्वर लहरियों से बाबा का गुणगान किया । मंदिर परिसर को लहरिये की आकर्षक थीम से सजाया गया । गिरधर मेरे मौसम आया धरती के श्रृंगार का,डाल डाल पर पड़ गये झूले,बरसे रंग बहार का....'कन्हैया हीदो घालो रे हरियल बाग म बाग म ''झूला झुलोनी राधे रानी झुलाने तेरा श्याम आया रे भजन पद गाकर बाबा श्याम का गुणगान किया । भजन संध्या में बाबा श्याम को भक्तों ने झूले में झुलाया और लाड लड़ाकर उनकी मनुहार की ।

## जगत-हृदय और माया के बंधनों से मुक्त कराते हैं समर्थ गुरुः बाबा उमाकान्त

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

संत बाबा उमाकान्त महाराज ने सत्संग में कहा कि जीव जगत, हृदय और माया के बंधनों में जकड़ा हुआ है और इन बंधनों से मुक्ति समर्थ गुरु ही करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सतयुग में जीव साधना के माध्यम से अपने मालिक तक पहुंच जाते थे, लेकिन कर्मों के विधान के बाद जीव काल के जाल में फंस गया। उन्होंने बताया कि पुत्र, परिवार, माता-पिता, रिश्तेदारी, मित्रता, व्यापार और पाले हुए जीव-जंतुओं सहित सांसारिक संबंधों के बंधन मोटे बंधन हैं। वहीं जीवात्मा स्थूल, लिंग, सूक्ष्म और कारण शरीर की चार परतों में बंधी है, जिसे उन्होंने महीन बंधन बताया। बाबा उमाकांत ने कहा कि बंधे हुए व्यक्ति को दूसरा बंधा हुआ व्यक्ति मुक्ति नहीं दिला सकता। इसके लिए निर्बंध संत की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार किसी जकड़े हुए गांठ को खोलने के लिए उसके सही छोर की जानकारी रखने वाला व्यक्ति ही उसे खोल सकता है, उसी प्रकार संत ही जीव को बंधनों से मुक्त कराने का मार्ग बताते हैं। उन्होंने कहा कि जीव पहले जगत जाल, फिर हृदय जाल और माया जाल में बंधता चला जाता है।

## आचार संहिता के साथ जयपुर में सख्तीः हथियार जमा कराने से लेकर सभा-जुलूस तक प्रतिबंध

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

स्थानीय निकाय चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जयपुर कमिश्नरेट क्षेत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है। इसके साथ ही लाइसेंसशुदा हथियार थानों में जमा कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर (कानून-व्यवस्था) प्रदीप मोहन शर्मा ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर हथियारों का प्रदर्शन और मोटी लाठी लेकर चलने पर भी रोक रहेगी। रिवॉल्वर, पिस्टल, बंदूक, तलवार, भाला, कृपाण, चाकू, छुरी, कटार, धारिया सहित अन्य हथियारों पर प्रतिबंध रहेगा। लाइसेंसधारियों को हथियार और कारतूस नजदीकी थाने में जमा कराने होंगे। इसके बदले रसीद दी जाएगी। चुनाव प्रक्रिया और परिणाम के बाद 7 से 15 दिन में रसीद दिखाकर हथियार वापस लिए जा सकेंगे। हथियार रखने की पात्रता के लिए स्क्रीनिंग कमेटी बनाई गई है। ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ, आरएसी, राजस्थान सिविल पुलिस, अर्द्धसैनिक बल, होमगार्ड और चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारी प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। सिख समुदाय को धार्मिक परंपरा के अनुसार कृपाण रखने, दिव्यांग व बीमार लोगों को लाठी-बैसाखी रखने की छूट होगी। राष्ट्रीय राइफल एसोसिएशन के प्रतियोगी सदस्यों तथा शस्त्र निरीक्षण और थाने में जमा कराने के लिए ले जाए जा रहे हथियारों पर भी आदेश लागू नहीं होगा। बिना अनुमति राजनीतिक सभा, जुलूस, धरना-प्रदर्शन और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के इस्तेमाल पर रोक रहेगी। अनुमति मिलने पर भी लाउडस्पीकर सुबह 6 से रात 10 बजे तक ही चल सकेंगे। भड़काऊ भाषण, उत्तेजक नारेबाजी, सांप्रदायिक या जातिगत द्वेष फैलाने वाली सामग्री पर भी कार्रवाई होगी।

# शराब ठेकेदारों का प्रदर्शनः रात 11 बजे तक दुकानें खोलने की मांग, निकाय चुनाव में राजनीतिक परिणाम की चेतावनी

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

आबकारी नीति और शराब कारोबार से जुड़ी मांगों को लेकर प्रदेशभर के शराब ठेकेदार सोमवार को जयपुर के शहीद स्मारक पर जुटे और विरोध प्रदर्शन किया। लिकर कॉन्ट्रैक्टर यूनियन के बैनर तले हुए प्रदर्शन में सैकड़ों ठेकेदार शामिल हुए। ठेकेदारों ने शराब की दुकानों को रात 11 बजे तक खोलने की अनुमति देने सहित आबकारी व्यवस्था में बदलाव की मांग उठाई। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष पंकज धनखड़ ने कहा कि ठेकेदारों पर शराब की निर्धारित गारंटी पूरी करने का दबाव बनाया जा रहा है, लेकिन बिक्री के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया जा रहा। ऐसे में सरकार को ठेकेदारों के साथ तत्काल बातचीत कर समस्याओं का समाधान निकालना चाहिए। ठेकेदारों का कहना है कि मौजूदा समय सीमा में शराब की बिक्री प्रभावित हो रही है और गारंटी पूरी करना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने दुकानों का संचालन समय बढ़ाकर रात 11 बजे तक करने की मांग की। उनका तर्क है कि जब सरकार गारंटी पूरी करने का दबाव बना रही है तो बिक्री के लिए पर्याप्त समय भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए। यूनियन ने शराब कंपनियों की ओर से ठेकेदारों पर बनाए जा रहे दबाव का मुद्दा भी उठाया। आरोप लगाया गया कि कम मांग वाली शराब भी ठेकेदारों को उठाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। विभाग की ओर से हर महीने शराब उठाने का लक्ष्य दिए जाने और लक्ष्य पूरा नहीं होने पर अगले महीने 150 प्रतिशत तक



उठाव का दबाव बनाए जाने की बात कही गई। ठेकेदारों ने शराब उठाव पर लगे सभी प्रकार के राइडर हटाने की मांग की। ठेकेदारों ने गारंटी व्यवस्था को मासिक के बजाय तीन माह की करने की मांग की। यूनियन का कहना है कि शराब की बिक्री पूरे साल एक जैसी नहीं रहती और इसमें लगातार उतार-चढ़ाव होता है। ऐसे में त्रैमासिक गारंटी व्यवस्था ठेकेदारों के लिए अधिक व्यावहारिक होगी। यूनियन ने मांगों पर सुनवाई नहीं होने की स्थिति में जीरो बिलिंग करने और इसके बाद प्रदेशभर में शराब की दुकानें बंद करने की चेतावनी दी। प्रदर्शन के दौरान ठेकेदारों ने सरकार को राजनीतिक चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी की गई तो आगामी निकाय चुनाव में इसके राजनीतिक परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

# दुपहिया वाहन चुराने वाला वाहन चोर चढा पुलिस के हत्थे



■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

सिंधी कैंप थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक बरामद की है। आरोपी ने नशे की लत और व्यक्तिगत उपयोग के लिए बाइक चोरी करना स्वीकार किया है। पहचान छिपाने के लिए उसने बाइक की नंबर प्लेट भी तोड़ दी थी। डीसीपी पश्चिम प्रशांत किरण के अनुसार सिंधी कैंप थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर सुरेंद्र कुमार बुनकर उर्फ सोनू (26) निवासी हसनपुरा को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद कर ली। आरोपी से शहर में हुई अन्य वाहन चोरी की वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी वंदना नरूला ने बताया कि 22 अगस्त को जितेंद्र कुमार ने जंगलेश्वर महादेव मंदिर, सवाई जयसिंह हाईवे के बाहर से अपनी टीवीएस राइडर बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर सिंधी कैंप थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ गोपनीय सूचना जुटाई।

# पोकर की आड़ में जुआघर का खुलासाः मैनेजर समेत 7 गिरफ्तार



■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

राजधानी के पॉश सी-स्कीम इलाके में पोकर गेम की आड़ में चल रहे जुआघर का अशोक नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कंपनी के कार्यालय में दबिश देकर मैनेजर समेत सात लोगों को ताश के पत्तों और कॉइन्स से हार-जीत का दांव लगाते गिरफ्तार किया।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि पुलिस टीम ने सी-स्कीम स्थित कमला मार्ग के जी-22 बी में माया गेमिंग एंड टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय पर छापा मारा। यहां पोकर को स्किल गेम बताकर जुए का संचालन किए जाने की जानकारी सामने आई। पुलिस ने मौके से 1.07 लाख रुपए नकद, 5300 कॉइन/टोकन, नौ गड्डी ताश, 200 बैंड और 150 मेंबरशिप कार्ड बरामद किए। पुलिस के अनुसार कंपनी के प्रतिनिधि स्किल गेम की आड़ में लोगों से पैसों की हार-जीत का दांव लगवा रहे थे। पुलिस ने भव्य माहेश्वरी (27) निवासी विद्युत नगर, चित्रकूट, जयपुर, दीपक सिंह मीणा (34) निवासी चकरोल, जगतपुरा, कौशल शाह (29) निवासी विप्री, चेन्नई, अजय जोशी (21) निवासी कंचनपुर, नेपाल, आशीष दीवान (जैन) (29) निवासी हॉस्पिटल रोड, जयपुर, ऋषभ बज (जैन) (35) निवासी नालंदा विहार, दुर्गापुरा और प्रेम सिंह मोडई (30) निवासी शांति नगर, बागमती, काठमांडू, नेपाल को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कंपनी और आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# नगर निकाय चुनाव में साइबर ठगों की नजरः फर्जी लिंक-ओटीपी से ठगी का खतरा

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

नगर निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं के आगामी चुनावों को देखते हुए राजस्थान पुलिस ने मतदाताओं,प्रत्याशियों, राजनीतिक कार्यकर्ताओं और चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकों के लिए साइबर सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने फर्जी वोटर लिंक, ओटीपी, क्यूआर कोड, फिशिंग ई-मेल और डीपफेक वीडियो के जरिए होने वाली साइबर ठगी से सावधान रहने की अपील की है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम एवं तकनीकी सेवाएं वीके सिंह ने बताया कि साइबर ठग व्हाट्सऐप और एसएमएस के जरिए 'वोटर लिस्ट में नाम देखें' या 'पोलिंग बूथ बदल गया है' जैसे संदेश भेजकर फर्जी लिंक पर क्लिक करा सकते हैं। मतदाता सूची और मतदान संबंधी जानकारी के लिए केवल अधिकृत सरकारी वेबसाइट का उपयोग करने की सलाह दी गई है। पुलिस ने चेताया कि चुनाव अधिकारी बनकर फोन करने वाले किसी व्यक्ति को वोटर कार्ड अपडेट, सत्यापन या अन्य प्रक्रिया




के नाम पर ओटीपी, बैंक डिटेल, यूपीआई पिन या निजी जानकारी साझा नहीं करें। चुनाव प्रचार या चंदे के नाम पर भेजे गए क्यूआर कोड और यूपीआई लिंक की भी जांच करने को कहा गया है। पैसा प्राप्त करने के लिए यूपीआई पिन डालने की जरूरत नहीं होती। चुनाव के दौरान नेताओं के नाम से फर्जी वीडियो, ऑडियो, भाषण और डीपफेक सामग्री सोशल मीडिया पर वायरल होने की आशंका जताई गई है। पुलिस ने बिना आधिकारिक पुष्टि के ऐसी सामग्री पर विश्वास या उसे आगे प्रसारित नहीं करने की अपील की है। प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया खातों पर टू-स्टेप वेरिफिकेशन (2 एफए) सक्रिय करने तथा मजबूत पासवर्ड रखने की सलाह दी गई है। व्हाट्सऐप ग्रुप एडमिन को भी केवल भरोसेमंद सदस्यों को संदेश पोस्ट करने की अनुमति देने और जरूरत के अनुसार 'सिर्फ़ एडमिन' सेटिंग का इस्तेमाल करने को कहा गया है।

## राजधानी में दोपहर बाद बदला मौसमः बारिश से गर्मी-उमस से मिली राहत

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

राजधानी जयपुर में सोमवार को सुबह से तेज गर्मी और उमस के बाद दोपहर बाद मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। करीब ढाई से तीन बजे के बीच शहर के कई इलाकों में बारिश हुई। अचानक हुई बारिश से तापमान में गिरावट आई और गर्मी से परेशान लोगों ने राहत की सांस ली। बारिश के बाद कुछ समय के लिए मौसम सुहाना हो गया और ठंडी हवाओं से वातावरण में ठंडक महसूस हुई। सुबह से ही तेज धूप के कारण लोग गर्मी और उमस से परेशान थे। दोपहर बाद आसमान में अचानक बादल छाने लगे और कुछ ही देर में बारिश शुरू हो गई। बारिश के चलते सड़कों पर आवाजाही कर रहे लोगों को बचने के लिए आसपास की दुकानों और अन्य स्थानों का सहारा लेना पड़ा। वहीं, कई लोग बारिश का आनंद लेते भी नजर आए। शहर के विभिन्न इलाकों में हुई बारिश के बाद मौसम में बदलाव साफ दिखाई दिया। लंबे समय से गर्मी और उमस झेल रहे लोगों के लिए बारिश राहत लेकर आई।

# हलवाई कैटरर्स समिति चुनावः हनुमान गुर्जर के समर्थन में लामबंद हुए सदस्य, नामांकन में उमड़ा जनसैलाब, चुनावी मुकाबला हुआ रोचक

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

जयपुर हलवाई कैटरर्स कल्याण समिति के वार्षिक चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। 2 सितंबर को जनउपयोगी भवन आरपीए रोड पर जयपुर में होने वाले इस चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी हनुमान गुर्जर का पलड़ा फिलहाल भारी नजर आ रहा है। नामांकन के दौरान बड़ी संख्या में समिति सदस्यों और समर्थकों की मौजूदगी ने गुर्जर के बढ़ते समर्थन का संकेत दिया। गौरतलब है कि अध्यक्ष पद पर हनुमान गुर्जर और रामेश्वर कसाना के बीच मुकाबला है। इसी कडी में सोमवार को जय क्लब एमआई रोड के पास गोकुल निवास मैरिज गार्डन में हनुमान गुर्जर के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ। इसके बाद गुर्जर समर्थकों के साथ ढोल-ताशों की धुन पर रैली के रूप में समिति कार्यालय पहुंचे और नामांकन दाखिल




किया। जहां रास्ते में सांगानेर, ट्रांसपोर्ट नगर, राजा पार्क और जौहरी बाजार सहित विभिन्न क्षेत्रों में समिति से जुड़े लोगों ने उनका स्वागत किया। समर्थकों की मौजूदगी और उत्साह को गुर्जर के पक्ष में बढ़ते समर्थन के तौर पर देखा जा रहा है। सदस्यों की समस्याओं को प्राथमिकता का भरोसा हनुमान गुर्जर ने कहा कि वे चुनाव किसी व्यक्तिगत पद के लिए नहीं,बल्कि समिति सदस्यों के भरोसे और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हलवाई और कैटरिंग से जुड़े कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता होगी। गुर्जर ने रात के समय काम करने वाले कर्मचारियों की परेशानियों का उल्लेख करते हुए हलवाई कारखानों के संचालन का समय रात 12 बजे तक निर्धारित कराने के लिए प्रयास करने की बात कही। साथ ही समिति के किसी सदस्य के साथ दुर्घटना होने पर बीमा व्यवस्था सुनिश्चित कराने का भी भरोसा दिलाया। लगातार संपर्क में जुटे समर्थक नामांकन के बाद हनुमान गुर्जर और उनके समर्थक समिति सदस्यों से लगातार संपर्क कर समर्थन जुटाने में लगे हैं। अलग-अलग क्षेत्रों में हुए स्वागत कार्यक्रमों और नामांकन के दौरान जुटी भीड़ ने चुनावी माहौल को और गरमा दिया है।

समिति के सदस्यों के बीच गुर्जर की सक्रियता और उनके मुद्दों को लेकर चर्चा तेज हो गई और अध्यक्ष पद की दौड़ में हनुमान गुर्जर आगे नजर आ रहे है। इस अध्यक्ष पद पर मुकाबला अब दो प्रत्याशियों के बीच है। लेकिन नामांकन के दौरान दिखाई दिया समर्थन और विभिन्न क्षेत्रों में हुए स्वागत से गुर्जर की मजबूत स्थिति के संकेत मिल रहे हैं। हालांकि अंतिम फैसला 2 सितंबर को मतदान के बाद ही होगा।

# सोलर सिस्टम का लोड बढ़ाने की एवज में रिश्वत लेते कनिष्ठ अभियंता गिरफ्तार

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जेवीवीएनएल) के रामगंज सब स्टेशन पर तैनात कनिष्ठ अभियंता (जेई) मनोज कुमार को 3 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। एसीबी चौकी जयपुर नगर चतुर्थ के एएसपी मनोज कुमार गुप्ता के अनुसार परिवादी की कंपनी के ग्राहक के आवासीय विद्युत कनेक्शन पर 10 किलोवाट का सोलर सिस्टम लगाने के लिए विद्युत लोड क्षमता बढ़वानी थी। आरोप है कि इसके लिए कनिष्ठ अभियंता ने 14 अगस्त को 5 हजार रुपए रिश्वत मांगी। बातचीत के बाद 3 से 4 हजार रुपए में सौदा तय हुआ। शिकायत का सत्यापन कराने के बाद एसीबी ने ट्रैप कार्रवाई की गई।



पुलिस निरीक्षक रामजी लाल की टीम ने आरोपी जेई को परिवादी से 3 हजार रुपए लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। रिश्वत राशि बरामद कर ली गई है। एसीबी आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले में अन्य व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

# अधिकतम खुदरा मूल्य से ऊपर सामान बेचने पर दो प्रतिष्ठानों पर लगाया 8 हजार रुपये जुर्माना

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

उपभोक्ता मामले विभाग के निर्देशानुसार विधिक माप विज्ञान अधिनियम-2009 तथा राजस्थान विधिक माप विज्ञान (प्रवर्तन) नियम-2011 के तहत जिले में अधिकतम खुदरा मूल्य से ऊपर सामान बेचने वालों के खिलाफ औचक निरीक्षण अभियान संचालित किया गया। इस दौरान विभागीय जांच दल विधिक माप विज्ञान अधिकारी दीपक पूनिया के नेतृत्व में 6 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुंदर रेस्टोरेंट एंड कैंटीन, बीकानेर टेक्निकल यूनिवर्सिटी कैंपस तथा रोडवेज बस स्टैंड दुकान नं 14 पर डिब्बा बंद वस्तुएं अधिकतम खुदरा मूल्य से ज्यादा मूल्य पर बेचना पाया गया। इस पर 8 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया तथा सुधार नोटिस जारी कर एमआरपी पर वस्तुएं बेचने को पाबंद किया गया। राधे स्वीट्स, राठी पेट्रोल पंप के सामने तथा रोडवेज बस स्टैंड दुकान नं 1 पर समान सही एमआरपी पर बेचना पाया गया। आगामी दिनों में नियमित जांच जारी रहेगी तथा दोषी पाए जाने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पूनिया ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा करना तथा आमजन को अधिकतम खुदरा मूल्य पर खरीद के लिए जागरूक तथा व्यापारी एवं दुकानदारों को सामान एमआरपी पर बेचने को पाबंद करवाना है।

# नदी प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त: जोजरी, बांडी और लूणी के 100 मीटर दायरे में निर्माण पर रोक; 500 मीटर क्षेत्र में प्रदूषणकारी उद्योगों पर प्रतिबंध

## राजस्थान की तीन नदियों को लेकर बड़ा फैसला

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर



राजस्थान की जोजरी, बांडी और लूणी नदियों में बढ़ते प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त अंतरिम आदेश जारी किया है। न्यायालय ने तीनों नदियों के 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार के निर्माण पर रोक लगा दी है। वहीं, हाई फ्लड लाइन के वैज्ञानिक निर्धारण और आवश्यक पारिस्थितिक संरक्षण क्षेत्र के सीमांकन तक नदी के आसपास अतिरिक्त सुरक्षा के निर्देश दिए गए हैं। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि जब तक हाई फ्लड लाइन और आवश्यक पारिस्थितिक बफर क्षेत्र का वैज्ञानिक तरीके से निर्धारण नहीं हो जाता, तब तक नदियों को अतिरिक्त सुरक्षा देना जरूरी है। मामले की अगली सुनवाई 22 सितंबर को होगी।

**500 मीटर क्षेत्र में खतरनाक गतिविधियों पर रोक**-न्यायालय ने निर्देश दिया कि जहां मौजूदा बाढ़ रेखा चिह्नित है अथवा नदी का वर्तमान प्रवाह मार्ग मौजूद है, उसके दोनों ओर 500 मीटर के क्षेत्र में प्रदूषण, संदूषण या नदी के पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचाने वाले खतरनाक उद्योग अथवा गतिविधियों की अनुमति नहीं दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने हाई-लेवल इकोसिस्टम ओवरसाइट कमेटी के अधिकार भी बरकरार रखे हैं। राज्य सरकार द्वारा गठित समन्वय समूह को विभागों के बीच आंतरिक समन्वय की व्यवस्था बताते हुए कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इससे हाई-लेवल कमेटी के अधिकार क्षेत्र में कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। आवश्यकता पड़ने पर कमेटी के अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक निर्देश जारी कर सकेंगे।

**एसआईटी ने 16 आपराधिक मामलों की समीक्षा की**-राज्य सरकार ने सुनवाई के दौरान अनुपालन रिपोर्ट और विशेष जांच दल की रिपोर्ट पेश की। एसआईटी ने जोधपुर, पाली और बालोतरा में नदी प्रदूषण से जुड़े 16 आपराधिक मामलों की समीक्षा की है। रिपोर्ट के अनुसार कुछ मामलों में गंभीर धाराएं जोड़ी गईं और गिरफ्तारियां भी की गईं। जांच में दस्तावेज, गवाहों के बयान, सीसीटीवी फुटेज, चित्र और वीडियो की जांच की जा रही है। राज्य सरकार ने लूणी, जोजरी और बांडी नदियों के पुनर्जीवन के लिए प्रस्तावित योजनाओं तथा विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे सुधारात्मक कार्यों की जानकारी भी कोर्ट को दी।

**20 लाख लोगों के जीवन पर मंडरा रहा खतरा**-सुप्रीम कोर्ट ने 16 सितंबर 2025 को इस मामले में स्वत: संज्ञान लिया था। न्यायालय ने औद्योगिक कचरे और सीवरेज के कारण जोधपुर, पाली और बालोतरा क्षेत्र की नदियों में बढ़ते प्रदूषण पर चिंता जताई थी। स्टील, वस्त्र सहित कई औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले प्रदूषित पानी को इसके प्रमुख कारणों में माना गया। कोर्ट ने माना था कि लंबे समय से चली आ रही प्रशासनिक लापरवाही और व्यवस्था की विफलता के कारण करीब 20 लाख लोगों, पशुधन और पर्यावरण पर गंभीर खतरा पैदा हुआ है। इससे पहले न्यायालय ने राजस्थान सरकार को नदियों के प्रदूषण से निपटने के लिए 20 सूत्रीय समाधान योजना तैयार करने का सुझाव दिया था। जोजरी नदी पर विशेष संकट- नागौर जिले के पाण्डलू गांव की पहाड़ियों से निकलने वाली जोजरी खेजड़ला खुर्द के पास लूणी नदी में मिलती है। लंबे समय से जोधपुर, पाली, बालोतरा और आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों से निकलने वाले प्रदूषित पानी के कारण नदी प्रभावित है। नदी के आसपास बसे अनेक गांवों और बस्तियों पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

# 108 तलवारों से भगवती राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी का शस्त्रार्चन

### श्रावण शुक्ल एकादशी पर विशेष पूजा-अर्चना; गौ रक्षा के संकल्प के साथ देवी को समर्पित किए शस्त्र

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

चातुर्मास्य व्रत के अंतर्गत श्रावण शुक्ल एकादशी की सायंकालीन पूजा के दौरान भगवती राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी जी का 108 तलवारों से विशेष शस्त्रार्चन किया गया। पांचों समय की महापूजा के बाद प्रतिदिन विभिन्न द्रव्यों से होने वाले अर्चन की परंपरा के तहत यह विशेष आयोजन हुआ। पूजा के दौरान 108 तलवारों को भगवती के नाम से एक-एक कर अर्चित किया गया। तलवारों की नोक पर नींबू और केले लगाए गए तथा चंदन का लेप किया गया। इसके साथ ही कदली फल और संतरे अर्पित किए गए। माता त्रिपुर सुंदरी द्वारा भण्डासुर के संहार से संबंधित भजन एवं स्तुतियों के माध्यम से देवी की आराधना की गई।

**गौ रक्षा के संकल्प के साथ शस्त्र समर्पण**-आयोजन के दौरान इन शस्त्रों को रक्षा के उद्देश्य से देवी को समर्पित करने का संकल्प लिया गया। आयोजकों ने कहा कि आने वाले समय में गौ रक्षा के लिए इन शस्त्रों की आवश्यकता पड़ सकती है। इनका उद्देश्य गौ माता को हत्या से बचाने के लिए रक्षा करना बताया गया। चातुर्मास्य व्रत के दौरान प्रतिदिन पांचों समय की महापूजा के उपरांत विभिन्न द्रव्यों से भगवती का नित्य अर्चन किया जाता है। इसी क्रम में श्रावण शुक्ल एकादशी की सायंकालीन पूजा में शस्त्रार्चन की यह विशेष परंपरा संपन्न हुई। आयोजकों ने कहा कि शस्त्रों का उद्देश्य रक्षा है और उनका प्रयोग सदैव गौ माता की रक्षा तथा उन्हें हिंसा से बचाने के संकल्प के साथ किया जाएगा।

### जर्जर विद्यालय भवनों पर शिक्षा विभाग सख्त, 27 अगस्त तक मांगी रिपोर्ट

# अंतिम रूप से खतरनाक भवन होंगे जमींदोज

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर



राजकीय विद्यालय भवनों की सुरक्षा और विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर शिक्षा विभाग ने सख्ती दिखाई है। अतिरिक्त निदेशक (शैक्षिक), प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर ने सभी संयुक्त निदेशकों को निर्देश जारी कर जर्जर विद्यालय भवनों की विस्तृत सूचना और सुरक्षा ऑडिट रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में 27 अगस्त तक उपलब्ध कराने को कहा है। विभाग के निर्देशों के अनुसार राजकीय विद्यालय भवनों का सुरक्षा ऑडिट सार्वजनिक निर्माण विभाग के माध्यम से कराया जाएगा। साथ ही विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए शौचालय और पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**जर्जर भवनों पर होगी कार्रवाई**-शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि अंतिम रूप से जर्जर घोषित किए जा चुके भवनों को जमींदोज करने की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा ऐसे विद्यालय भवन, जिन्हें पहले ही जर्जर घोषित किया जा चुका है, लेकिन उनमें अभी भी विद्यालय का संचालन हो रहा है, उनकी वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी भी मांगी गई है। संयुक्त निदेशकों को निर्धारित प्रारूप में सूचना संकलित कर समय सीमा में भेजने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि विद्यालय भवनों की वास्तविक स्थिति का आकलन कर आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जा सकें।

**न्यायालय के निर्देशों की पालना**-शिक्षा विभाग की यह कार्रवाई न्यायालय के निर्देशों की पालना के तहत की जा रही है। विभाग की ओर से विद्यालय भवनों की सुरक्षा को लेकर इससे पहले भी 9 मई, 2 जुलाई और 4 अगस्त को निर्देश जारी किए जा चुके हैं। विभाग का उद्देश्य जर्जर और असुरक्षित विद्यालय भवनों में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के संचालन को रोकना तथा सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित

नगरीय निकाय आम चुनाव 2026

# आगामी आदेशों तक मुख्यालय पर रहेंगे समस्त कार्मिक, बिना अनुमति नहीं छोड़ सकेंगे मुख्यालय

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निशांत जैन ने आदेश जारी कर सभी विभागों के कार्मिकों को आगामी आदेशों तक मुख्यालय पर आवश्यक रूप से उपस्थित रहने तथा बिना पूर्व अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ने के लिए निर्देशित किया है। आदेश अनुसार नगरीय निकाय आम चुनाव के तहत मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण करवाया जाना है। इसके लिए मतदान दलों के प्रथम प्रशिक्षण से संबंधित ड्यूटी आदेश नियुक्ति प्रकोष्ठ द्वारा संबंधित तहसील अथवा उप तहसील कार्यालय के जरिए तामिल करवाया जाना जा रहा है। इसके मद्देनजर जिले के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वह आगामी आदेशों तक मुख्यालय पर आवश्यक रूप से उपस्थित रहेंगे तथा जिला कलेक्टर की पूर्व अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने आगामी राजकीय अवकाशों के दौरान विभाग के अधीन समस्त कार्यालय-विद्यालय अनिवार्य रूप से खुलवाया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, जिससे आदेशों की तामील संबंधित कार्मिक को यथा समय करवाई जा सके।

# डॉक्टर के थप्पड़ से नाराज युवक पेड़ पर चढ़ा



### फंदा डालकर पीपल की डाल पर बैठा युवक

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

जिले के रैणी थाना क्षेत्र में सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर द्वारा कथित तौर पर थप्पड़ मारे जाने से नाराज एक युवक पीपल के पेड़ पर चढ़ गया। युवक ने पेड़ की एक डाल पर फंदा डाल लिया और वहीं बैठ गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और युवक को नीचे उतारने के लिए लगातार समझाइश कर रहे हैं। घटना दोपहर करीब 12 बजे गढ़ीसवाईराम स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बताई जा रही है। युवक का आरोप है कि डॉक्टर ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद उसने डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पेड़ पर चढ़कर विरोध शुरू कर दिया।

**एक बार नीचे आने को हुआ तैयार**-पुलिस और प्रशासन की टीम युवक को काफी देर से समझा रही है। बताया जा रहा है कि युवक एक बार नीचे आने के लिए तैयार भी हो गया था और कुछ दूरी तक नीचे आया, लेकिन अचानक वापस पेड़ पर चढ़ गया। करीब सात घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद वह पेड़ से नीचे नहीं उतरा है। मौके पर राजगढ़ पुलिस उपाधीक्षक देशराज कुलदीप सहित पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौजूद हैं। युवक की मांग है कि जिस डॉक्टर ने उसके साथ कथित तौर पर मारपीट की, वह लोगों की मौजूदगी में आकर उससे माफी मांगे। युवक का कहना है।

# नाम निर्देशन संबंधी प्रक्रिया के लिए रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के कार्यों का हुआ विभाजन

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

जिला निर्वाचन अधिकारी (नगर पालिका) श्री निशान्त जैन ने आदेश जारी कर नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के दौरान नगरीय निकायों में वार्ड सदस्यों के नाम निर्देशन संबंधित प्रक्रिया के लिए रिटर्निंग अधिकारियों एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के कार्यों का विभाजन किया गया है। आदेशानुसार नगर निगम बीकानेर के वार्ड संख्या 1 से 20 के लिए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (शहर) श्रीमती रीना को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। इन वार्डों की नाम निर्देशन प्रक्रिया अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (शहर) कार्यालय में संपादित होगी।

वार्ड 21 से 35 के लिए बीकानेर विकास प्राधिकरण के उपायुक्त श्री कुणाल राहड़ को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। इन वार्डों की नाम निर्देशन प्रक्रिया बीकानेर विकास प्राधिकरण के नये भवन में होगी। वार्ड 36 से 50 के लिए बीकानेर विकास प्राधिकरण के उपायुक्त श्री ऋषि सुधांशु पाण्डे को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। इन वार्डों की नाम निर्देशन प्रक्रिया बीकानेर विकास प्राधिकरण के पुराने भवन में संपादित की जाएगी।

वार्ड 51 से 65 के लिए बीकानेर तहसीलदार श्री विवेक चौधरी को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है तथा इन वार्डों की नाम निर्देशन प्रक्रिया तहसील कार्यालय बीकानेर में तथा वार्ड 66 से 80 के लिए छत्तरगढ़ के उपखण्ड अधिकारी श्री पवन कुमार को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है, इन वार्डों से संबंधित नाम निर्देशन प्रक्रिया सहायक कलेक्टर (शहर) कार्यालय में संपादित होगी।

इसी प्रकार नगर पालिका नोखा के वार्ड 1 से 25 के लिए उपखण्ड मजिस्ट्रेट नोखा को तथा वार्ड 26 से 45 के लिए तहसीलदार नोखा को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। नोखा नगरपालिका के लिए नाम निर्देशन प्रक्रिया के लिए वार्ड 1 से 25 के लिए उपखण्ड मजिस्ट्रेट कार्यालय तथा 26 से 45 के लिए तहसील कार्यालय नोखा में नाम निर्देशन प्रक्रिया संपादित की जाएगी। नगर पालिका श्रीडूंगरगढ़ में वार्ड 1 से 20 के लिए उपखण्ड मजिस्ट्रेट श्रीडूंगरगढ़ तथा वार्ड 21 से 40 के लिए तहसीलदार श्रीडूंगरगढ़ को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है।

वार्ड एक से 20 तक के लिए उपखण्ड मजिस्ट्रेट कार्यालय तथा 21 से 40 तक के लिए नाम निर्देशन प्रक्रिया तहसील कार्यालय में संपादित की जाएगी। नगर पालिका लूणकरणसर के वार्ड 1 से 20 के लिए उपखण्ड मजिस्ट्रेट लूणकरणसर तथा वार्ड 21 से 35 के लिए तहसीलदार लूणकरणसर रिटर्निंग अधिकारी होंगे। वार्ड 1 से 20 तक के लिए उपखण्ड मजिस्ट्रेट कार्यालय तथा 21 से 35 तक के वार्डों की नाम निर्देशन प्रक्रिया तहसील कार्यालय लूणकरणसर में संपादित की जाएग। नगर पालिका देशनोक के वार्ड 1 से 25 के लिए उपखण्ड मजिस्ट्रेट बीकानेर को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। इन वार्डों की नाम निर्देशन प्रक्रिया कार्यालय नगर पालिका देशनोक में संपादित की जाएगी। नगर पालिका नापासर के वार्ड 1 से 25 के लिए सहायक कलेक्टर बीकानेर को रिटर्निंग अधिकारी बनाया गया है और नाम निर्देशन प्रक्रिया नगर पालिका कार्यालय नापासर में होगी।

नगर पालिका खाजूवाला के वार्ड 1 से 20 के लिए उपखण्ड अधिकारी खाजूवाला को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है और नाम निर्देशन प्रक्रिया उपखण्ड कार्यालय में संपादित की जाएगी।

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नाम निर्देशन पत्र 27 अगस्त से 31 अगस्त तक प्राप्त किये जाएंगे।

इस दौरान 28 अगस्त को रक्षा बंधन व 30 अगस्त को रविवार का अवकाश होगा। नामांकन पत्र प्रात: 10.30 से दोपहर 3 तीन बजे तक प्राप्त किए जाएंगे।

# पवित्रा एकादशी:श्री सरस निकुंज में पुत्रदा एकादशी पर आयोजित हुआ झूला महोत्सव

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

सुभाष चौक स्थित पानों का दरीबा में श्री शुक संप्रदाय की आचार्य पीठ 'श्री सरस निकुंज' में पुत्रदा एकादशी के पावन अवसर पर भक्तिभाव के साथ झूला महोत्सव का आयोजन किया गया।श्री शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के पावन सानिध्य में ठाकुर श्री राधा सरस बिहारी सरकार का वेदोक्त मंत्रोच्चार के बीच भव्य अभिषेक किया गया। अभिषेक के पश्चात प्रभु को नवीन पोशाक धारण कराई गई और मनमोहक पुष्पों से अलौकिक श्रृंगार कर झूले में विराजमान किया गया। श्री सरस निकुंज के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया के निर्देशन में उपस्थित वैष्णव भक्तों ने झूले के पारंपरिक पदों का गायन कर ठाकुर जी को रिझाया। पुत्रदा एकादशी के मौके पर छोटीकाशी के विभिन्न प्रमुख देवालयों में भी विशेष धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। पुरानी बस्ती स्थित गोपीनाथ जी मंदिर में महंत सिद्धार्थ गोस्वामी के सानिध्य में भगवान का विशेष पूजन-अर्चन किया गया ।वहीं चौड़ा रास्ता स्थित राधा दामोदर जी मंदिर में महंत मलय गोस्वामी के सानिध्य में ठाकुर जी का पंचामृत अभिषेक कर एकादशी उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं श्री कृष्ण-श्याम सखा ग्रुप की ओर से सावन के चौथे सोमवार एवं पवित्रा द्वादशी के शुभ संयोग पर रामगंज बाजार स्थित प्राचीन श्रीश्याम मंदिर में भव्य झूला और लहरिया उत्सव का आयोजन किया गया। मंदिर महंत पं. लोकेश मिश्र के पावक सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था ।ग्रुप की अध्यक्ष शालू मिश्रा ने बताया कि इस विशेष अवसर पर मंदिर परिसर में भजनामृत सत्संग का आयोजन हुआ। कार्यक्रम संयोजक श्रीराम चालीसा के अनुसार, बाबा श्याम को आकर्षक झूले में विराजमान कर विशेष लहरिया पोशाक धारण कराई गई। इसके साथ ही बाबा को विभिन्न प्रकार के घेवर का भोग लगाया गया ।उत्सव की खासियत यह रही कि पूरा मंदिर परिसर लहरिये की आकर्षक और रंग-बिरंगी थीम से सजाया गया था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक लहरिया साड़ी पहनकर शिरकत की और एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर बाबा श्याम का गुणगान किया। भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु देर तक झूमते नजर आए।

# वियतनाम में योगाचार्य ढाकाराम जी को 'योगश्री अवॉर्ड' एवं 'हो ची मिन्ह पुरस्कार'

### योग शिक्षा, वैश्विक प्रसार, समग्र स्वास्थ्य और भारत-वियतनाम मैत्री में योगदान के लिए मिला दोहरा सम्मान

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर




भारत की योग परंपरा के प्रतिष्ठित शिक्षक योगाचार्य ढाकाराम जी को योग शिक्षा, वैश्विक प्रसार, समग्र स्वास्थ्य तथा भारत-वियतनाम मैत्री को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान के लिए वियतनाम में दो प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा गया। उन्हें 'योगश्री अवॉर्ड' और 'हो ची मिन्ह पुरस्कार' प्रदान किया गया। हनोई स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग सम्मेलन में योगाचार्य ढाकाराम जी को 'योगश्री अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। सम्मेलन में योग विशेषज्ञों, शिक्षकों, साधकों तथा स्वास्थ्य एवं आरोग्य क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान योग शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, स्वस्थ जीवनशैली तथा शांति और सद्भाव में योग की भूमिका पर विचार-विमर्श हुआ।

**योग और भारत-वियतनाम मैत्री का संदेश**-वियतनाम यात्रा के दौरान योगाचार्य ढाकाराम जी हनोई में वियतनाम योग महासंघ के अध्यक्ष वू चोंग लोई की पुस्तक के अनावरण समारोह में भी शामिल हुए।

इस अवसर पर योग, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में योगदान के लिए चार विशिष्ट व्यक्तियों को 'हो ची मिन्ह पुरस्कार' प्रदान किया गया, जिनमें योगाचार्य ढाकाराम जी भी शामिल रहे। सम्मान प्राप्त करने के बाद योगाचार्य ढाकाराम जी ने कहा कि ये पुरस्कार व्यक्तिगत उपलब्धि से अधिक भारत की महान योग परंपरा और उसके सार्वभौमिक मानव कल्याणकारी संदेश का सम्मान हैं।

उन्होंने कहा कि योग भारत की अमूल्य ज्ञान परंपरा है और आज यह पूरी मानवता को जोड़ने का कार्य कर रहा है। उन्होंने योग को भारत और वियतनाम के बीच सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संबंधों को मजबूत करने वाला सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने डॉ. विनोद कश्यप, डॉ. शिवम मिश्रा और सुश्री वू होंग येन सहित आयोजन से जुड़े सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दोनों सम्मान उन्हें विश्वभर में योग के माध्यम से स्वास्थ्य, शांति, सद्भाव और मानव कल्याण का संदेश पहुंचाने के लिए और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देंगे। वियतनाम में योगाचार्य ढाकाराम जी को मिले ये दोनों सम्मान भारतीय योग जगत के लिए गौरव का विषय हैं और विश्व स्तर पर भारतीय योग परंपरा की बढ़ती स्वीकार्यता को रेखांकित करते हैं।

# 'गौमाता पार्वती और नंदी भगवान शिव जी हैं'

■ नवश्रेय टाइम्स , जयपुर

बेमेतरा जिला के ग्राम सलधा जहां सवा लाख शिवलिंग का ऐतिहासिक मंदिर बन रहा है वहीं उत्तराम्नाय ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य अनंत श्री विभूषित स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज का दिव्य भव्य चातुर्मास चल रहा है। सर्व प्रथम समस्त ग्रामवासी घिवरी के द्वारा पादुका पूजन किया गया। दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती जी महाराज ने सलधा शिवलिंग स्थापित करने वाले भक्तों के नाम की घोषणा की। अप्रमेय स्वामी जी ने विरुदावली का वाचन किया। परम पूज्य शंकराचार्य जी ने कहा कि सलधा धाम आकार ले रहा है महाशिवरात्रि से प्राण प्रतिष्ठा का क्रम प्रारंभ हो जाएगा। नंदी जहां जहां जाते हैं वहां भगवान शिव जी जरुर आते हैं भगवान शिवजी का नंदिकेश्वर अवतार हुआ है। हमारे देश और राज्य की सरकार गौमाता को पशु कहते हैं। हमारा ही वोट लेकर ये सरकार हमारी माता को पशु कहते हैं। ये गलत है। हम यह आंदोलन चला रहे हैं कि गौमाता को राष्ट्र माता का सम्मान मिले। गाय हमारी माता है और बैल पिता है। नंदी और वृषभ दोनों भगवान शिव जी हैं। जितनी गायें हैं सब माता पार्वती हैं। जो गाय दूध देती है वो धेनु है और जो बिना दुहे अपने आप दूध दे वो कामधेनु हैं। जब गौमाता हमारी सेवा से प्रसन्न हो जाती हैं तो कामधेनु बन जाती हैं हमारी मनोकामना पूर्ण करती है। समुद्र मंथन से कामधेनु प्रगट हुई। समुद्र मंथन में अप्सराएं निकली थीं जिसे दैत्यों ने पाताल लोक में छिपा दिया था भगवान् श्री विष्णु जी पाताल लोक गये वहां अप्सराओं ने उनका वरण किया और भगवान साथ में रहने लगे भगवान के बहुत से लड़के हुए जो उत्पात मचाने लगे तब देवता शिव जी के पास गये और भगवान शिव जी वृषभ का अवतार लेकर आये और भगवान विष्णु जी के लड़कों को मार दिया और विष्णु जी को भी लहुलुहान कर दिया फिर बाद में विष्णु जी का मोह भंग हुआ और वैकुंठ गये।

108 शस्त्रों से भगवती राज राजेश्वरी त्रिपुर सुन्दरी जी का शस्त्रार्चन किया गया। तलवार की नोक में नींबू और लगातार एक एक भगवती के नाम से एक एक तलवार से अर्चन किया गया। तलवार में चंदन लगाया गया और कदली फल, संतरा दिया गया। माता त्रिपुर सुन्दरी जिस समय भण्ड दैत्य का संहार करने जातीं हैं।

स्वत्वाधिकारी , मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक रेखा गौड़ के लिए महारानी प्रिन्टर्स, 17 माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर में मुदित एवं प्लाट नं. एसबी-7, रजनी विहार, हीरापुरा, अजमेर रोड, जयपुर-302024 से प्रकाशित ।
( पी.आर. बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार )